Nifty 50 ETFs cross Rs 10,000 crores in AUM in India	
Source: Dainik Navjyoti	**Date**: 22 July 2016

निफ्टी 50 ईटीएफ ने 10 हजार करोड़ का एयूएम पार किया

एजेंसी/नवज्योति, मुंबई

देश के बेंचमार्क सूचकांक निफ्टी 50 ने एक और बड़ी उपलब्धि अर्जित कर ली है। निफ्टी 50 ईटीएफ के कुल असेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) ने 10ए000 करोड़ रुपयों का लक्ष्य पार कर लिया है। भारत में पहला ईटीएफ दिसंबर 2001 में प्रारंभ किया गया था। जो कि निफ्टी 50 पर आधारित था। वर्तमान में निफ्टी 50 सूचकांक पर आधारित 13 ईटीएफ हैं। मिस चित्रा रामकृष्ण, एमडी एंड सीईओए एनएसई ने कहा कि ईटीएफ सेगमेंट में वैश्विक रूझान के साथ भारत आगे बढ़ रहा है। ईटीएफ उद्योग 30 जून 2016 को करीब 217 लाख करोड़ तक पहुंच चुका है। एनएसई एक दशक से अधिक से देश में चहुंओर सैकड़ों सफल रोडशो करने के साथ ईटीएफ के विषय में चर्चा कर रहा है। भारत में कारोबार कर रहे 45 इक्विटी ईटीएफ में से कुल 35 का आधार निफ्टी सूचकांकों का समूह है। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में भी ईटीएफ जारीकर्ताओं के बीच निफ्टी 50 ईटीएफ की अच्छी मांग है।